न्यायालय उपखण्ड अधिकारी रामसर

पीठासीन अधिकारी :—अनिल कुमार आर.ए.एस.
राजस्व आवेदन संख्या — 06/2023
बनाम

प्रार्थीगण		विप्रार्थीगण
1. प्रहलादराम पुत्र पुंजाराम जाति मेघवाल निवासी गडरारोड़	बनाम	1. शांतिदेवी पत्नी विशनाराम जाति मेघवाल निवासी गडरारोड़ 2. तहसीलदार रामसर।

राजस्व आवेदन अन्तर्गत धारा 136 राज0भू0राज0 अधिनियम वास्ते तरमीम दुरस्ती

आदेश

दिनांक 18.03.2024

संक्षेप में आवेदन के तथ्य इस प्रकार हैं कि मौजा झैलुन पटवार क्षेत्र बुठिया तहसील रामसर के खसरा संख्या 307/173 रकबा 2.9137 हेक्टयर भूमि का है प्रार्थी द्वारा उकत भूमि रजिस्टर्ड बेचान पाता पुत्र आम्बा जाति मेघवाल निवासी मापूरी हाल गडरारोड़ से दिनांक 13.06.2001 को खरीद किया था मूल खातेदार पाता का मूल खसरा संख्या 173/1 रकबा 43 बीघा का था जिसमें से मूल खातेदार द्वारा पूर्व में 25 बीघा भूमि को विप्रार्थी संख्या 1 श्रीमती शांतिदेवी को बेचान की थी तथा शेष खसरे की भूमि 18 बीघा भूमि प्रार्थी को बेचान की थी तथा कब्जा भी करवा दिया। राजस्व अधिकारियो द्वारा प्रार्थी के बेचान के आधार पर व प्रार्थी के कब्जे व काश्त के अनुसार तरमीम न करते हुये संलग्न परिशिष्ट व अनुसार कर दी जिसे दुरस्त कर संलग्न परिशिष्ठ 'अ' अनुसार दुरस्त किये जाने हेतु यह आवेदन इस न्यायालय में दिनांक 08.02.2023 को दर्ज किया गया।

आवेदन दर्ज रजिस्टर कर विप्रार्थीगण को सम्मन जारी किये। प्रार्थीगण एवं विप्रार्थीगण संख्या 01 परिशिष्ट 'अ' अनुसार तरमीम दुरस्त किये जाने हेतु सहमत है। बहस सुनी गई।

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर मौजा झैलुन पटवार क्षेत्र बुठिया तहसील रामसर के खसरा संख्या 307/173 रकबा 2.9137 हेक्टयर भूमि लटठा ट्रेस में विद्यमान तरमीम निरस्त की जाकर संलग्न नक्शा परिशिष्ठ 'अ' अनुसार तरमीम दुरस्ती किये जाने के आदेश पारित किये जाते हैं। तहसीलदार रामसर को तदनुसार दुरूस्ती सुनिश्चित करने हेतु आदेशित किया जाता है। संलग्न प्रस्तावित नक्शा परिशिष्ठ 'अ' इस आदेश का अभिन्न अंग रहेगा।

यह आदेश आज दिनांक 18.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया गया।

(अनिल कुमार)
उपखण्ड अधिकारी, रामसर
दिनांक : 18/3/24
उपखण्ड अधिकारी
रामसर

क्रमांक : रीडर/2024/1077-79

प्रतिलिपि :—

1. तहसीलदार रामसर ।
2. प्रार्थीगण प्रहलादराम पुत्र पुंजाराम जाति मेघवाल निवासी गडरारोड़
3. विप्रार्थीगण शांतिदेवी पत्नी विशनाराम जाति मेघवाल निवासी गडरारोड़

उपखण्ड अधिकारी, रामसर
उपखण्ड अधिकारी
रामसर